बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या 80/2014 के अन्तर्गत कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय दरभंगा में **साहित्य** विषय में सहायक प्राचार्य के पदों पर नियुक्ति हेतु अर्हित एवं अनर्हित उम्मीदवारों की सकारण सूची सहित समाहित एवं विलंब से प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची आयोग के वेबसाईट पर उपलब्ध है।

जिन उम्मीदवारों के द्वारा Ph.D/M.Phil With UGC Regulation 2009 का दावा किया गया है अथवा दावा करना चाहते हैं, उन्हें विशेष रूप से निर्देश दिया जाता है कि वे अपने–अपने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर से निर्गत UGC Regulation 2009 के अन्तर्गत Ph.D/M.Phil का प्रमाण पत्र, Ph.D./M.Phil **के निबंधन की तिथि एवं संख्या से संबंधित प्रमाण पत्र, Pre** Ph.D/Course Work का अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र तथा Ph.D/M.Phil कितने और किन–किन Criteria से उत्तीर्ण है, से सम्बंधित प्रमाण पत्र साक्षात्कार के समय समर्पित करेंगे। उक्त प्रमाण पत्र समर्पित नहीं करने वाले उम्मीदवार के Ph.D/ M.Phil प्रमाण पत्र को Without UGC Regulation 2009 माना जाएगा।

अर्हित उम्मीदवारों का साक्षात्कार दिनांक–15.04.2019 से प्रारम्भ होगा। साक्षात्कार का विस्तृत कार्यक्रम आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर देखा जा सकता है।

साक्षात्कार प्रारम्भ होने की तिथि के एक सप्ताह पूर्व से आयोग के वेबसाईट पर साक्षात्कार पत्र उपलब्ध रहेगा, जिसे अपना अनुक्रमांक डालकर डाउनलोड किया जा सकता है। **किसी उम्मीदवार को साक्षात्कार पत्र डाक से नहीं भेजा जाएगा।**

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि साक्षात्कार के लिए आमंत्रित सभी उम्मीदवारों की अर्हता पूर्णतः औपबंधिक है। उनकी अर्हता पर यथासमय समीक्षा कर यथोचित निर्णय लेने हेतु आयोग स्वतंत्र रहेगा।

15.3.19

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना